सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

कोल इण्डिया Coal India

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

# अपनी बात

अंक : 593 वर्ष 44 राँची, जून, 2023




शुद्ध पर्यावरण और योग हमें रखते हैं निरोग






# सीसीएल में धूम–धाम से मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

हर वर्ष की भांति वर्ष 2023 में भी दिनांक 5 जून को सीसीएल में विश्व पर्यावरण दिवस धूम–धाम से मनाया गया। इस अवसर पर जून के प्रथम सप्ताह में सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में पर्यावरण पर केन्द्रित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## ऑन–स्पॉट प्रतियोगिताओं का आयोजन

दिनांक 1 जून को मुख्यालय के प्रकाश सभागार में सीसीएल एवं इंटीग्रेटेड रीजनल ऑफिस, राँची, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में ऑन–स्पॉट चित्रकला, निबंध एवं स्लोगन लेखन तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से "प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान" विषय पर दो सत्रों में आयोजित इस प्रतियोगिता के प्रथम सत्र में केवल सीसीएल में कार्यरत कर्मियों के लगभग 150 बच्चों ने भाग लिया। इसमें तीन आयु वर्ग – प्रेप से कक्षा 2 तक, कक्षा 3 से कक्षा 7 एवं कक्षा 8 से कक्षा 12 के बच्चों ने पर्यावरण को समर्पित रचनात्मक चित्रकला प्रस्तुत किये। बच्चों को मिशन लाइफ पर एक प्रेजेंटेशन दिखाया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाया गया। दूसरे सत्र में सीसीएल कर्मियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पुरस्कृत किया गया।



पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते स्कूली बच्चे

## 600 से अधिक पौधों का वितरण

दिनांक 03 जून को सीसीएल मुख्यालय, रांची में सीसीएल कर्मियों के बीच 600 से अधिक औषधीय पौधों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना), श्री बी. साईराम ने सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुये कहा कि प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य और दायित्व है।



पर्यावरण दिवस के अवसर पौधा वितरण करते हुए निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम एवं अन्य

कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष (पर्यावरण) श्री राजकुमार एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## विश्व पर्यावरण दिवस समारोह

दिनांक 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम, सीवीओ, श्री पंकज कुमार, विभागाध्यक्ष (पर्यावरण) श्री राजकुमार सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में निदेशकगण एवं सीवीओ द्वारा पर्यावरण ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर कर्मियों ने मिशन लाईफ के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण का शपथ लिया। इसके उपरांत निदेशकगण एवं सीवीओ ने पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अवसर विशेष पर निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा ने अध्यक्ष, कोल इंडिया, श्री प्रमोद अग्रवाल का 'पर्यावरण संदेश' पढ़कर सभी को सुनाया एवं सभी से पर्यावरण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम




पर्यावरण दिवस पर कोल इंडिया लि. के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल का संदेश पढ़ते (दायें से बाये) निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र निदेशक (वित्त) श्री पी. के. मिश्रा एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार




पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी को संबोधित करते निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं मंच पर आसीन निदेशक (वित्त) श्री पी. के. मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार

ने उपस्थित सभी को पर्यावरण के लिए प्रेरित करते हुये कहा कि हम दैनिक जीवन में अपने छोटे–छोटे योगदान देकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सीसीएल द्व ारा खनन के उपरांत वृहद स्तर पर पौधारोपण कर 'ईको पार्क विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। सीसीएल हर वर्ष अपने कमांड क्षेत्रों में वृहद स्तर पर पौधारोपण करता है और इस वर्ष भी 220 हेक्टेयर भूमि पर पौधारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने सभी से पर्यावरण में अपना योगदान अधिक से अधिक देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की थीम "प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान" पर विस्तार से चर्चा करते हुये आग्रह किया कि हम सभी को पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए।

निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि अपने जीवन में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोपरि स्थान देना होगा ताकि हमारी अगली पीढ़ी पर्यावरण का लाभ ले सकें।

सीवीओ श्री पंकज कुमार ने कहा कि जल तथा वायु जीवन के लिए अति आवश्यक है, इसलिए हमें सतत् और धारणीय विकास के मंत्र पर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि उन्नति के साथ–साथ पर्यावरण भी जरूरी है। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के सभी पहलूओं पर ध्यान देना होगा ।

कार्यक्रम के अंत में आयोजित सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। ज्ञातव्य हो कि प्लास्टिक का उपयोग को कम करने और ईको–फ्रेंडली उत्पाद को अपनाने के उद्देश्य से कमांड क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पौधा एवं जुट बैग का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम का मंच संचालन मुख्य प्रबंधक (पर्यावरण), सुश्री संगीता ने किया।

# कोल मिनिस्टर्स अवार्ड 2022–23

# सीसीएल को कई पुरस्कारों से नवाजा गया




माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी से अवार्ड प्राप्त करते हुए सीसीएल के सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद एवं निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद

माननीय केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय मामलों के मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी ने दिनांक 06 जून को नई दिल्ली में आयोजित "कोल मिनिस्टर्स अवार्ड 2022–23 (Coal Minister's Award 2022–23)" समारोह में सेंट्रल कोलफील्डस लिमिटेड को तीन अलग–अलग श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किया गया। सुरक्षा एवं गुणवत्ता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु सीसीएल को प्रथम पुरस्कार जबकि सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य के लिए सीसीएल को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम प्रसाद एवं निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल, श्री राम बाबू प्रसाद ने माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के हाथों यह पुरस्कार प्राप्त किया।

इस समारोह में महाप्रबंधक, मगध–संघमित्रा, हजारीबाग, बरका सयाल एवं अरगडा क्षेत्र को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि कोयला मंत्रालय ने कोल मिनिस्टर्स अवार्ड की शुरूआत किया है जिसके अंतर्गत सुरक्षा, उत्पादन, उत्पादकता, सस्टेनेबिलिटी, गुणवत्ता आदि में श्रेष्ठ कार्य करने वाली कोयला कंपनी को सम्मानित किया जाता है।

सीएमडी श्री पी.एम.प्रसाद ने टीम सीसीएल को बधाई देते हुए कहा कि यह अवार्ड सभी कर्मियों एवं स्टेकहोल्डर्स को समर्पित है, जिनके कठिन परिश्रम के फलस्वरूप सीसीएल इस ऊँचाई तक पहुँचा। उन्होंने कहा कि कंपनी सस्टेनेबल माईनिंग को प्राथमिकता देते हुए देश की ऊर्जा आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। श्री प्रसाद ने आगे कहा कि हम कार्यस्थल पर सुरक्षा को सर्वाधिक महत्व देते हैं साथ ही दुर्घटना मुक्त कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। ज्ञात हो कि विगत वित्तीय वर्ष 2022–23 में सीसीएल ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये सर्वाधिक 76.09 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया। श्री प्रसाद ने माननीय कोयला मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी, सचिव (कोयला), कोयला मंत्रालय, श्री अमृत लाल मीणा, कोल इंडिया, अध्यक्ष, श्री प्रमोद अग्रवाल राज्य सरकार एवं स्टेकहोलडर्स का अवार्ड के लिए आभार व्यक्त किया।

"सोच भले ही नयी रखो मगर संस्कार हमेशा पुराने होने चाहिये।" – स्वामी विवेकानंद

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन




योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास करते हुए सीसीएल के सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद, निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं अन्य

दिनांक 21 जून को "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में योग के प्रति सभी को जागरूक करने के उद्देश्य से योग शिविरों का आयोजन किया गया।

उक्त दिवस को प्रातःकाल में मुख्यालय के कर्मियों के लिए जवाहर नगर, रांची में योग शिविर आयोजित की गई। इस शिविर में योग प्रशिक्षिका, डॉ. परिणिता सिंह ने कर्मियों को योगाभ्यास कराया तथा इससे होने वाले लाभ से भी अवगत कराया। इस योग शिविर में सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नीला प्रसाद, निदेशक तकीनीकी (यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित सीसीएल कर्मियों ने अपने परिवार के साथ उत्साह से भाग लिया।

इस शिविर के दौरान जबलपुर, मध्यप्रदेश में आयोजित योगाभ्यास का प्रसारण भी किया गया जिसमें माननीय उप–राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने योगाभ्यास किया।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद इस वर्ष की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग' की चर्चा करते हुये कहा कि नियमित योग करने से व्यक्ति के न केवल प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है, बल्कि बौद्धिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध होता है।

इसके अतिरिक्त सीसीएल मुख्यालय, रांची के 'प्रकाश सभागार' में 'योग' पर 'परिचर्चा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के योग के प्रोफेसर, डॉ. मनोज सोनी ने योग पर विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि योग दिनचर्या के अन्य गतिविधियों के समान ही आवश्यक है। इसको अंगीकार करने से व्यक्ति न केवल दीर्घायु हो सकता है, वरन एक स्वस्थ समाज का निर्माण में अपना योगदान दे सकता है।

इस परिचर्चा में महाप्रबंधक (एचआरडी), श्री पार्थो भट्टाचार्जी, डॉ. रंजीत, डॉ राजकुमार सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

क्षेत्रों में आयोजित योग शिविरों में भी सम्बद्ध क्षेत्र के महाप्रबंधक तथा बड़ी संख्या में कर्मी एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स उपस्थित थे।

# फॉरेस्ट क्लीयरेंस से संबंधित 'कार्यशाला' का आयोजन



कार्यशाला में उपस्थित सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद एवं अन्य गणमान्य

सीसीएल मुख्यालय, रांची में दिनांक 22 जून को फॉरेस्ट क्लीयरेंस से संबंधित एक 'कार्यशाला' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएमडी सीसीएल, श्री पीएम प्रसाद और प्रिंसिपल चीफ कंज़र्वेटर ऑफ़ फॉरेस्ट एवं हेड ऑफ़ फॉरेस्ट फोर्स (पीसीसीएफ–एचओएफएफ), झारखण्ड सरकार डॉ. संजय श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना), सीसीएल श्री बी. साईराम, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना), बीसीसीएल, श्री उदय कावले, एआईजी (वन) एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय श्री शशि शंकर, श्री शशि नंदकोयलयार एवं अतिथि उपस्थित थे।

इस कार्यशाला के अध्यक्ष डॉ. संजय श्रीवास्तव ने वन मंजूरी और उसके समाधान में आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुये कहा कि कंपनी द्वारा निर्बाध रूप से कोयला उत्पादन के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस महत्वपूर्ण है और इस कार्यशाला से इसके बारिकियों को और बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी जिससे कंपनी निश्चित रूप से लाभान्वित होगी।

इस कार्यशाला में सीसीएल सहित बीसीसीएल एवं ईसीएल, के अधिकारीगणों ने भाग लिया।

# आयुष्मान कार्डधारक परिवार भी सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में निःशुल्क इलाज करा सकेंगे

सीसीएल के सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें निःशुल्क परामर्श, जांच तथा दवाओं का वितरण किया जाता है। ज्ञातव्य हो कि वर्तमान में अस्पताल द्वारा सुदूर क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों के लिए डिजिटल डिस्पेंसरी के तहत टेलीमेडिसिनल सेवाएं भी प्रदान की जा रही है।

इसी क्रम में सीसीएल के खनन क्षेत्र के आसपास रहने वाले गरीब परिवारों के लिए सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में "आयुष्मान भारत योजना" के अंतर्गत ईलाज की प्रक्रिया शुरू की गई है। सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में चिकित्सकों द्वारा हर प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार किया जाता है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया जाता है।

सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में रेफर किये गये मरीजों का ईलाज किया जाता है। इसके अतिरिक्त सभी लोगों को निःशुल्क आपातकालीन सेवाएं भी प्रदान की जाती है।

केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर सीसीएल का शीर्ष अस्पताल है। लगभग 200 बेड के इस हॉस्पिटल में सभी प्रकार के विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवाएं प्रदान की जाती है। यह अस्पताल न केवल सीसीएल कर्मियों और उनके आश्रितों का, बल्कि परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के लोगों का भी उपचार करता है।

# सेवानिवृत्त कर्मी अपने मेडिकल बिल को ऑनलाईन ट्रैक कर सकेंगे

## ऑनलाइन पोर्टल का उद्घाटन



ऑनलाइन पोर्टल के उद्घाटन का एक दृश्य

सीसीएल द्वारा कार्यक्षेत्र में अधिकाधिक डिजिटाइजेशन के साथ आगे बढ़ते हुए दिनांक 27 जून को मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए बिल ट्रैकिंग से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद सहित सीसीएल के पूर्व सीएमडी श्री एस.के. वर्मा एवं श्री गोपाल सिंह, निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री बी. साईराम, सीवीओ, श्री पंकज कुमार, एमसीएल के पूर्व निदेशक (कार्मिक) श्री जी. डी. गुलाब, माननीय जेसीएससी सदस्य एवं विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद ने अपने संबोधन में मेडिकल एवं प्रणाली विभाग को बधाई देते हुये कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मी अपने मेडिकल बिल को सहजता से ऑनलाईन ट्रैक कर पायेंगे।

इस अवसर पर पूर्व सीएमडी, निदेशकगण एवं माननीय जेसीएससी सदस्यों ने भी सीसीएल प्रबंधन के इस पहल का स्वागत करते हुये इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए निश्चित रूप से लाभकारी होगा।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में प्रणाली विभाग के अधिकारियों ने इस पोर्टल को विकसित किया है।

ज्ञातव्य हो कि इस पोर्टल के द्वारा सेवानिवृत्त कर्मी अपने बिल से संबंधित प्रत्येक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस पोर्टल के द्वारा बिल प्राप्त होने पर संबंधित कर्मी को एसएमएस के द्वारा सूचित किया जायेगा। इस एसएमएस में संबंधित बिल का रिफरेंस नम्बर होगा जिसके माध्यम से कर्मी ऑनलाईन लॉगइन कर इसकी वस्तुस्थिति जान सकेंगे। इसके अलावा बिल में किसी प्रकार की त्रुटि को भी एसएमएस एलर्ट के माध्यम से सूचित किया जायेगा। अंततः अनुमोदन एवं बिल भुगतान की जानकारी पंजिकृत मोबाईल पर प्राप्त कर सकेंगे।

इस अवसर पर सीसीएल की पत्रिका 'उत्कर्ष' का भी विमोचन किया गया। इस पत्रिका में सीसीएल की विभिन्न गतिविधियां एवं रोचक आलेख, कहानी, कविता इत्यादि प्रकाशित किये जाते हैं।

महाप्रबंधक (प्रणाली) श्री वी.एस. महाराज की टीम, सीएमएस, सीसीएल डॉ. सुमन सिंह और सीएमएस, सीसीएल डॉ. रत्नेश जैन ने पोर्टल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के स्वास्थ्य एवं वित्तीय प्रबंधन से संबंधित कार्यशाला का आयोजन

सीसीएल मुख्यालय, रांची में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य और वित्तीय प्रबंधन के लिए दिनांक 28 जून, 2023 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य कर्मियों को सेवानिवृत्ति के बाद के जीवनपद्धति के बारे में जागरूक एवं प्रेरित करना है ।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में विषय विशेषज्ञों ने विस्तार से वित्तीय प्रबंधन के हर एक पहलू को सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को समझाया। इसके साथ ही साथ उन्हें बेहतर निवेश के बारे में भी बतलाया गया। द्वितीय सत्र में कर्मियों को मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया। इसी क्रम में उन्हें दैनिक जीवनोपयोगी प्राणायाम तथा व्यायाम से भी परिचित कराया गया।

उपस्थित सभी कर्मियों ने मानव संसाधन विभाग के इस पहल की सराहना की और कहा की आज के सत्र से हमें भविष्य की योजना में बहुत मदद मिलेगी।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (एचआरडी), श्री पार्थो भट्टाचार्जी, श्री संजय, मुख्य प्रबंधक सहित के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित जून महीने में सेवानिवृत होने वाले कर्मी उपस्थित थे। मुख्यालय के साथ–साथ सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के कर्मियों ने भी वर्चुअल मोड से इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन और समन्वय कविता कुमारी, प्रबंधक, एचआरडी विभाग द्वारा किया गया।

# सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई




विदाई–सह–सम्मान समारोह का एक दृश्य

सीसीएल से मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत 5 (पांच) कर्मियों : सर्वश्री/श्रीमती कुमुद देवी, कार्यालय अधीक्षक, सीसीएमसी विभाग, साधु चरण, वरीय लिपिक, ई एण्ड एम विभाग, श्यामली सेनगुप्ता, जुनियर डीईओ, अधिकारी स्थापना विभाग, पुनम देवी, माली, ग्रेड–II, नगर प्रशासन विभाग को आज सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। ज्ञातव्य हो कि जून माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 83 कर्मी सेवानिवृत्त हुए।

अवसर विशेष पर 'सम्मान समारोह' के दौरान सेवानिवृत कर्मियों पर निर्मित शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) का प्रदर्शन किया गया जिसके माध्यम से सेवानिवृत कर्मियों ने अपने–अपने कार्यानुभवों एवं विचारों को व्यक्त किया। फिल्म में सेवानिवृत कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट किया तथा कंपनी के उत्तरोत्तर विकास की शुभकामनाएं दी।

महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औ.सं./भर्ती/समाधान), सुश्री रश्मि दयाल ने अपने संबोधन में सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

मंच संचालन विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

CCL bagged three prizes during the Coal Minister's Award 2022-23 function in New Delhi.
1st prize in Safety
1st prize in Quality
3rd prize in Sustainability
The General Managers of Magadh -Sanghmitra, Hazaribag, Barka Sayal and Argada area were felicitated for their performance.




**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

#TeamCCL achieves an all-time high performance for May.

CCL surpassed all records for May, with 6.3 MT of coal production, 7.1 MT dispatch and 10.4 McuM of OB removal, setting a new high for the month.

Congratulations to #TeamCCL on this achievement.




**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

At the Biz Next Summit 2023, organised by News 18 on 26/06/2023, #TeamCCL was awarded for its exceptional PR activities and CSR schemes.
Sri H.N. Mishra, Dir(P) and Sri B.Sairam , Dir(P&P) were also panellists at the event where they discussed the subtleties of the energy sector.




**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

"विश्व योग दिवस"के उपलक्ष्य में सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में योग शिविरों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद एवं निदेशकगण सहित अन्य कर्मियों ने सपरिवार योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योग अभ्यास किया। #योगदिवस
#वसुधैवकुटुंबकम #हरआंगनयोग

Translate Tweet



(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)
सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक स.म्पादक : अनुपम कु. राणा, उप प्रबंधक (जनसम्पर्क), मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, एमटी, जनसम्पर्क विभाग